Title: Need to provide compensation to the Scheduled Caste people who lost their homes in a fire in Jai Prakash Nagar in Jalaur district, Uttar Pradesh. - Laid.

श्री भानु प्रताप सिंह वर्मा (जालौन): अध्यक्ष महोदय, उत्तर प्रदेश के जनपद-जालौन के कस्बा कौंच के जय प्रकाश नगर में दिनांक 18.5.2004 को अनुसूचित जाति (कौरी समाज) के सामूहिक रूप से करीब एक दर्जन से ऊपर मकान जला दिये गये हैं। पीड़ित व्यक्ति आज तक दर-दर की ठोकरें खा रहे हैं और वह भयभीत हैं। केन्द्र सरकार से मेरी मांग है कि इस घटना की उच्चस्तरीय जांच कराई जाये तथा दोाी व्यक्तियों को दण्डित किया जाये तथा उन्हें उचित मुआवजा दिलाया जाये। उन्हें पुनः स्थापित किया जाये, जिससे वे अपने घरों में सुरक्षित रह सकें।